# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

## प्रशासकीय परिषद की 31वीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | 31 वीं |
| स्थान | : | सभागार (प्रथम तल)<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>लखनऊ। |
| दिनांक | : | 18 नवम्बर, 2019 |
| समय | : | पूर्वान्ह 12.00 बजे |

# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी
# की
# प्रशासकीय परिषद की 31वीं बैठक का कार्यवृत्त

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झाँसी की 31 वीं बैठक आज दिनांक 18.11.2019 को पूर्वान्ह 12.00 बजे माननीय अध्यक्ष, इं0 राकेश गुप्ता, झाँसी की अध्यक्षता मे सभागार (प्रथम तल), डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ मे सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इं0 राकेश गुप्ता<br>37/02, सिविल लाइन्स<br>झाँसी। | ........... | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अवध किशोर<br>उपसचिव,<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0 प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | ........... | उपाध्यक्ष (प्रतिनिधि) |
| 3. | मा0 प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम<br>प्राविधिक विश्वविद्यालय,<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 4. | इंजी0 पी0 ए0 खरवड़कर<br>मैनेजिंग डायरेक्टर<br>करोना प्लस इंडस्ट्रीज<br>कौशलपुरी,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |
| 5. | श्री आर0 सी0 राजपूत<br>संयुक्त निदेशक<br>प्राविधिक शिक्षा<br>उ0 प्र0 शासन<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 6. | डा0 डी0 बी0 शाक्यवार<br>प्रमुख वैज्ञानिक<br>आई0सी0ए0आर0<br>सी0एस0डब्लू0आर0आई0<br>अविका नगर, वाया-जयपुर<br>राजस्थान। | ........... | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7. | प्रो0 गौरी शंकर<br>रिटायर्ड प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष<br>बायोकैमिकल इंजी0 एवं फूड टेक्नोलाजी<br>एच0बी0टी0आई0,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |
| 8. | प्रो0 शिशिर सिन्हा<br>प्रोफेसर, कैमिकल इंजी0 विभाग<br>आई0आई0टी0,<br>रूड़की। | ........... | सदस्य<br>(प्रतिनिधि,<br>निदेशक,<br>आई0आई0टी0,<br>रूड़की) |
| 9. | प्रो0 मुकेश शुक्ला<br>प्रोफेसर<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 10. | प्रो0 ए0 के0 निगम<br>प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष<br>सिविल इंजी0 विभाग<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | ........... | सदस्य |
| 11. | प्रो0 वी0 के0 त्यागी<br>निदेशक<br>बी0आई0ई0टी0<br>झाँसी। | ........... | सदस्य सचिव |

**<u>जो सदस्य उपस्थित न हो सके</u> :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री संजीव मित्तल<br>प्रमुख सचिव<br>वित्त विभाग<br>उ0 प्र0 शासन,<br>लखनऊ। | ........... | सदस्य |
| 2. | प्रो0 अभय करिन्दकर<br>निदेशक<br>आई0आई0टी0,<br>कानपुर। | ........... | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एच0 डी0 चरन<br>कुलपति<br>राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>कोटा (राजस्थान)। | ........... | सदस्य |

4. डा0 अनिल कुमार
एस0पी0आई0यू0–यू0पी0/
टी0ई0क्यू0आई0पी0 ।।।
(एम0एच0आर0डी0)
401/402, एकेडमिक ब्लाक
ए0 के0 टी0 यू0, जानकीपुरम
विस्तार
लखनऊ –226031 (उ0प्र0)

विशेष आमंत्रित

31.01 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 सितम्बर, 2019 को सम्पन्न हुई 30वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।**

परिषद ने विचारोपरान्त प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 सितम्बर, 2019 को सम्पन्न हुई 30 वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

31.02 **प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 04 सितम्बर, 2019 को सम्पन्न हुई 30वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 04 सितम्बर, 2019 को सम्पन्न हुई 30 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई। परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

31.03 **संस्थान की दिनांक 04 सितम्बर, 2019 से वर्तमान तक की प्रगति आख्या से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद संस्थान की दिनांक 04 सितम्बर, 2019 से वर्तमान तक की प्रगति आख्या से अवगत हुई।

31.04 **संस्थान की 24वीं प्रशासकीय परिषद की बैठक के मद संख्या 24.19 पर हुए निर्णय के कम में संस्थान के संकाय सदस्यों प्रो0 अभय कुमार वर्मा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 आर0 एन0 वर्मा द्वारा की गयी प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा दण्ड निर्धारण पर जाँच अधिकारी द्वारा जाँच उपरान्त प्रस्तुत की गयी संस्तुतियाँ परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद जाँच अधिकारी डा0 डी0 के0 दीक्षित, कार्यपालक निदेशक, बी0एच0ई0एल0, झाँसी, मा0 सदस्य प्रशासकीय परिषद, बी0आई0ई0टी0, झाँसी के पत्रांक संख्या बी0एच0ई0एल0/जे0एच0एस0/यू0एच0ओ0/एच-13 दिनांक 15.10.2019 द्वारा संस्थान के संकाय सदस्यों प्रो0 अभय कुमार वर्मा एवं डा0 आर0 एन0 वर्मा की प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं के सन्दर्भ मे प्रेषित की गयी संस्तुतियों से अवलोकित हुई। परिषद ने जाँच अधिकारी द्वारा प्रो0 अभय कुमार वर्मा तथा डा0 आर0एन0 वर्मा पर आरोपित आरोपों के कम में अधिरोपित दण्ड से अवगत होते हुए दोनो संकाय सदस्यों पर अधिरोपित दण्ड़ों पर अपनी सहमति प्रदान करते हुए अधिरोपित दण्डों के कम मे विधिक राय प्राप्त करते हुए प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही हेतु अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद को अधिकृत किया।

31.05 <u>संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो, भविष्य मे प्रस्तावित निर्माण कार्य परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।</u>

परिषद संस्थान मे वर्तमान मे कराये जा रहे निर्माण कार्यो तथा भविष्य मे कराये जाने वाले प्रस्तावित निर्माण कार्यो से अवगत हुई। निर्माण कार्यों की उचित उपयोगिता एवं गुणवत्ता हेतु परिषद का सुझाव है कि, निर्माण से पूर्व प्राप्त मानचित्रों का अध्ययन करने मे अनुभाग/ विभाग के अध्यक्ष को शामिल किया जाये जिससे कि, निर्माण के पूर्व भवन के मानचित्र, उपयोगिता के अनुसार तैयार हों एवं सम्बंधित विभाग/ अनुभाग निर्माण के दौरान गुणवत्ता एवं मानक आदि की समय-समय पर समीक्षा करे जिससे गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जा सके।

साथ ही परिषद ने निर्देशित किया कि, शैक्षणिक भवनों मे प्रस्तावित सोलर पैनल की स्थापना हेतु पी0सी0यू0 का प्राविधान

किया जाये। जिससे कि, उपयोग मे लायी जाने वाली विद्युत पावर का आडिट कर होने वाले विद्युत व्यय भार का सही आंकलन किया जा सके।

31.06 **<u>संस्थान छात्रों का प्लेसमेन्ट बढ़ाये जाने सम्बंधी कार्ययोजना पर की गयी कार्यवाही का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान के छात्रों के प्लेसमेन्ट को बढ़ाये जाने हेतु विगत बैठक मे अनुमोदित कार्ययोजना के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही तथा प्रयासों से अवगत हुई। परिषद ने विगत बैठक के मद संख्या 30.05 पर हुए निर्णय के कम मे प्लेसमेंट को बढ़ाये जाने के लिये प्लेसमेंट कम्पनी को हायर किये जाने हेतु यथाशीघ्र प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

31.07 **<u>संस्थान की दिनांक 06.09.2019 को सम्पन्न हुई एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त परिषद के विचारार्थ/ अवलोकनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान की सम्पन्न हुई 6 वीं एकेडमिक्स समिति की बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई।

31.08 **<u>ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का विवरण परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान मे ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा वित्त पोषित पंडित दीन दयाल उपाध्याय तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कराये

गये/ कराये जा रहे कार्यो से अवगत हुई। परिषद ने संस्थान के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कराये गये/ कराये जा रहे कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही संस्थान को विश्वविद्यालय द्वारा उक्त मद मे स्वीकृत की गयी धनराशि हेतु परिषद ने मा0 कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया।

31.09 **विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। से सम्बंधित प्रगति आख्या परिषद के अवलोकनार्थ/ अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

संस्थान मे चल रहे विश्व बैंक सहायतित टीईक्यूआईपी-।।। की प्रगति आख्या से अवगत हुई।

परिषद ने प्रस्ताव के बिन्दु-3 पर विभागों हेतु क्रय किये जाने वाले निम्न उपकरणों पर अनुमोदन प्रदान किया -

| Sl. | Name of Package | Method | Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Electrical Maintenance of Class Rooms | SHOPPING | 1200000.00 |
| 3 | Civil Work for Drawing Hall | Civil Works | 644119.90 |
| 4 | Civil Work for Class Rooms | Civil Works | 4121034.25 |
| 5 | CE- Static Cone Penetration Test (Engine Driven) | SHOPPING | 773490.00 |
| 6 | Digital Electronic Balance 1 mg | GEM | 21500.00 |
| 7 | Digital Electronic Balance 0.1 mg | GEM | 59000.00 |
| 8 | pH Meter | GEM | 24500.00 |
| 9 | Turbidity Meter | GEM | 59000.00 |
| 10 | Spectrophotometer | GEM | 498750.00 |
| 11 | Water Analysis Kit | GEM | 115500.00 |
| | | **Total** | **7516894.00** |

साथ ही परिषद ने प्रस्ताव के बिन्दु-4 पर विभागों हेतु क्रय किये जाने वाले निम्न उपकरणों पर अनुमोदन प्रदान किया-

| Sl. | Name of Package | Method | Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Dissolved Oxygen Meter | GEM | 65000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | Multi Parameter Portable UV Organics Analyser BOD/COD/TOC/TSS/NO3/Detergent Analyzer without reagent for BOD COD TOC TSS NO3 Detergent | GEM | 900000.00 |
| 3 | Multiparameter pH/MV/ISE/EC/Res./TDS/DO/Turbidity/Temper/ Waterproof Meter with GPS option with 20 Meter Cable Length | GEM | 875000.00 |
| 4 | Portable Heavy Metal Photo meter Detection | GEM | 610000.00 |
| 5 | Glass water Distillation Single/Double 4.5 Ltr. | GEM | 45000.00 |
| 6 | Conductivity Meter | GEM | 37780.00 |
| 7 | Microscope based pH/Ion Meter with Nitrate & Fluoride ISE | GEM | 300000.00 |
| 8 | Orbital Incubator Shaker | GEM | 174000.00 |
| 9 | Nitrogen Kjeldhal Distillation Semi Auto System | GEM | 225000.00 |
| 10 | Nitrogen Kjeldhal Digestion | GEM | 175000.00 |
| 11 | Computer Organization Lab | Shopping | 100000.00 |
| 12 | Laboratory Universal Oven | GEM | 47000.00 |
| 13 | Heating Reacter with Photometer (Chemical oxygen demand) | GEM | 500000.00 |
| 14 | Muffle Furnace | GEM | 43000.00 |
| 15 | CH-Digital Magnetic Stirrer with heater | SHOPPING | 50000.00 |
| 16 | CH-CH Engg Software | SHOPPING | 2000000.00 |
| 17 | Furniture for TEQIP Cell | GEM | 1000000.00 |
| 18 | Class Room Furniture | GEM | 2000000.00 |
| 19 | 10 KVA Solar UPS (4 No.) | Shopping | 4000000.00 |
| 20 | Colour Laser Printer (4 No.) | GEM | 300000.00 |
| 21 | Library Server | GEM | 250000.00 |
| 22 | Aut CAD Software | Shopping | 2000000.00 |
| | | **Total** | **15696780.00** |

साथ ही परिषद ने यह भी निर्देशित किया कि, भविष्य मे होने वाले विभागीय उपकरणों के क्रय मे आई0आई0टी0 स्तर के विशेषज्ञों की भी राय ली जाये।

31.10 **<u>संस्थान मे संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यों की प्रगति परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद संस्थान में संचालित पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु किये जा रहे कार्यो से अवगत हुई। परिषद ने

पाठ्यक्रमों के एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया।

31.11 **<u>प्रशासकीय परिषद की विगत बैठकों के लम्बित प्रकरण परिषद के अवलोकनार्थ/ विचारार्थ प्रस्तुत।</u>**

परिषद ने मद संख्या 26.02 पर श्री रामआशीष विश्वकर्मा के प्रकरण पर की जा रही कार्यवाही से अवगत होते हुये शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 26.12 पर संस्थान के भूमि से सम्बन्धित प्रकरणों पर मा0 उच्च न्यायालय में अपील हेतु की जा रही कार्यवाही से अवगत होते हुये शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद ने मद संख्या 26.13 पर संस्थान के गृहकर सम्बन्धी प्रकरण पर हो रही कार्यवाही से अवगत होते हुये प्रकरण पर शासन से हो रहे पत्राचार के कम मे शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

परिषद द्वारा मद संख्या 26.15 पर डा0 संतोष कुमार साहू के प्रकरण का संज्ञान लेते हुये कार्यवाही पर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण की जाँच आख्या यथा शीघ्र प्राप्त कर अविलम्ब अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये।

परिषद ने संस्थान मे रिक्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर चयन प्रकिया हेतु एक माह मे विज्ञापन आदि की कार्यवाही पूर्ण करते हुए चयन प्रकिया प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया।

31.12 **संस्थान के निदेशक पद पर चयन हेतु की जा रही चयन प्रक्रिया सम्बंधी कार्यवाही परिषद के समक्ष अवलोकनार्थ/ दिशा–निर्देशार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने संस्थान के निदेशक पद हेतु विज्ञापन के क्रम में प्राप्त 41 आवेदनों का संज्ञान लिया। परिषद ने उपाध्यक्ष और अध्यक्ष को स्क्रीनिंग कमेटी की अन्य कार्यवाही को नियमानुसार पूर्ण करने के लिए अधिकृत किया। तथा परिषद ने चयन समिति ए.आई.सी.टी.ई. गजट के अनुसार बनाये जाने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही परिषद ने यह संज्ञान भी लिया कि उक्त विज्ञापन छठे वेतनमान के अनुसार विज्ञापित हुआ है। परिषद ने यहाँ यह भी इंगित किया कि नए ए.आई.सी.टी.ई. गजट के अनुसार निदेशक की योग्यता बदल गयी है और उ0 प्र0 शासन ने सातवें वेतनमान का लाभ दिये जाने का निर्णय भी ले लिया है। उक्त के आलोक में परिषद ने शासन से अग्रिम कार्यवाही के लिये नियमानुसार दिशा निर्देश प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया।

31.13 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं स्वीकृति।**

1. परिषद के मा0 सदस्य प्रो0 विनय कुमार पाठक, कुलपति, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ ने पटल पर निम्न प्रस्ताव रखा–

**प्रो0 वी0के0 त्यागी, निदेशक, बी0आई0ई0टी0, झाँसी के कार्यकाल को दो वर्ष के सेवा विस्तारण पर विचारः**

प्रो0 पाठक ने प्रो0 त्यागी द्वारा गत तीन वर्षों में किए गए उल्लिखित कार्यो को पटल पर रखा। परिषद ने सम्यक विचारोपरान्त इस प्रस्ताव का अवलोकन एवं उस पर



victy.

विचार–विमर्श किया तद्पश्चात् दो वर्ष के सेवा विस्तारण के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान करते हुए प्रकरण शासन को नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु संदर्भित करने का निर्णय लिया।

उपरोक्त निर्णय के समय पर प्रो0 वी0के0 त्यागी, डॉ0 एन0पी0 यादव, कुलसचिव एवं प्रो0 मुकेश शुक्ला जो इस मुद्दे से जुड़े थे वे बैठक में सम्मिलित नहीं हुए।

2. परिषद ने संस्थान मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य हेतु अतिथि व्याख्याताओं को एन.पी.आई.यू. द्वारा उपलब्ध कराये गये शिक्षकों के अनुरूप (शैक्षिक योग्यताओं तथा मानदेय) रखे जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।
3. संस्थान मे बायोमैट्रिक तथा फार्मिंग हेतु पूर्व मे प्रस्तुत प्रस्तावों पर हुए निर्णय के कम में शीघ्र कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।
4. परिषद ने संस्थान कैम्पस की टूटी बाउड्री वाल की मरम्मत शीघ्र कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त समाप्त हुई।

19/11/2019

(प्रो0 वी0 के0 त्यागी)
सदस्य सचिव, प्रशासकीय परिषद
एवं
निदेशक, बीआईईटी, झाँसी।

21/11/2019

(इं0 राकेश गुप्ता)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
बीआईईटी, झाँसी।